DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

युवाओं को उद्यम से जोड़ेगी देवभूमि उद्यमिता योजना : धन सिंह

दून विवि में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आयोजित की गई कार्यशाला, योजना के तहत बनाई जा रहीं 100 प्रोजेक्ट प्रोफाइलें

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। यदि 10 फीसदी छात्र भी उद्यमिता को अपना भविष्य बनाएं तो यह राज्य के लिए बहुत अच्छा रहेगा। विकसित भारत-2047 के लिए देवभूमि उद्यमिता योजना महत्वपूर्ण है। योजना के तहत 100 प्रोजेक्ट प्रोफाइलें बनाई जा रही हैं जो युवाओं को उद्यम के लिए मार्गदर्शित करेंगी।

इनमें से 30 प्रोजेक्ट प्रोफाइल योजना के डैश बोर्ड पर भी उपलब्ध करा दी गई है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कही। वह दून विवि में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

दून विश्वविद्यालय में दीप जलाकर कार्यशाला का उद्घाटन करते उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व अन्य। अमर उजाला

बुधवार को दून विवि में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुलपतियों, प्राचार्यों, अग्रणी शिक्षाविद्, अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्घाटन उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया। कार्यशाला में सचिव शैलेश बगौली, अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल समेत 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में देवभूमि उद्यमिता योजना प्रोजेक्ट प्रोफाइल्स पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

दून विवि, ईडीआईआई के बीच एमओयू

कार्यक्रम में विवि और ईडीआईआई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान किया गया। समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच उद्यमिता संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस एमओयू के माध्यम से दून विवि एमएससी-उद्यमिता का पाठ्यक्रम शुरू कर सकेगा।

कार्यशाला में देवभूमि उद्यमिता योजना प्रोजेक्ट प्रोफाइल्स पुस्तक का विमोचन किया गया

तीन सत्र में हुआ कार्यक्रम

दूसरे सत्र का विषय जमीनी स्तर पर उद्यमिता समुदाय को सशक्त बनाना था। इसकी अध्यक्षता श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि के कुलपति ने की। वहीं, तीसरे सत्र का विषय उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र और संस्थागत रैंकिंग था इसकी अध्यक्षता उत्तराखंड मुक्त विवि के कुलपति ने की। डैशबोर्ड का प्रस्तुतिकरण करते हुए डॉ. अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि कुल पंजीकरण में करीब 65 फीसदी छात्राएं हैं, जो राज्य में नारी शक्ति के सुनहरे भविष्य को दर्शाता है। संचालन सहायक निदेशक डॉ. दीपक पांडेय ने किया।

News paper – Amar Ujala
Date – 25.01.2024